दिनांक : 15.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री

राष्ट्र आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित किया । प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व 140 करोड़ लोगों के संकल्पों का पर्व है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में अनंत संभावनाओं और कोटि–कोटि भुजाओं के साथ हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने देश को दिशा देने वाले और मार्ग दिखाने वाले संविधान निर्माताओं को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के वीर जाबांजों ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत शीघ्र ही आत्मनिर्भर हो जाएगा। भारत का शीघ्र ही अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल के भंडार, गैस के भंडार खोजने के लिए मिशन मोड पर काम किया जा रहा है। श्री मोदी ने युवाओं के लिये प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज से लागू करने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि हम अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार लेकर आ रहे हैं। इससे उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ताकत मिलेगी। रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएंगी और अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## स्वतंत्रता दिवस–प्रदेश

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्यस्तरीय समारोह भोपाल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने पचमढ़ी में तिरंगा फहराया।

अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जहाँ नदियों को जोड़ने की परियोजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 38 लाख मकान बनाकर राज्य, देश में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के उत्थान के लिए संकल्पित है।

राज्य के कैबिनेट मंत्रियों और जिला कलेक्टरों ने विभिन्न जिला मुख्यालयों पर ध्वजारोहण किया।

**जबलपुर** में उप मुख्यमंत्री  जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने ध्वजारोहण किया ।

**शहडोल** जिले में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। **शिवपुरी** जिला मुख्यालय पर मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। **ग्वालियर** में मंत्री  नारायण सिंह कुशवाह ने झंडावंदन किया। **सतना** में कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। रायसेन में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ध्वजारोहण किया । **नीमच** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने राज्य निर्वाचन आयोग में ध्वजारोहण किया। आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने जनसम्पर्क संचालनालय परिसर में ध्वजारोहण किया। मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग कार्यालय, भोपाल में आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने ध्वजारोहण किया।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के चलते आज राज्य के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके अलावा तीन ट्रफ लाइनें और साइक्लोन सर्कुलेशन भी प्रभावी हैं।

**नमस्कार**

**----------------**